an>

Title : Need to enquire the alleged irregularities in colection of parking fees by GVK company at Mumbai airport.

श्रीमती नवनित रवि राणा : अध्यक्ष महोदय, जी.वी.के कंपनी मुंबई एयरपोर्ट का पूरा कंट्रैक्ट लिए हुए है । मिनिस्ट्री और कारपोरेट अफेयर्स ने जी.वी.के कंपनी के अंतर्गत आने वाली ग्यारह फर्जी कंपनियों के खिलाफ इनक्वायरी की थी, जिसमें इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, मुंबई से फंड ट्रान्सफर किया गया है । जी.वी.के को मुंबई एयरपोर्ट पर काम करते हुए बारह वर्ष हो गए हैं, जिसमें पहला टेंडर पांच सौ करोड़ रुपये से शुरूआत हुई, समय बीतने के बाद अब उसका टेंडर दो हजार करोड़ रुपये हो गया है ।

मैं आपके माध्यम से सिविल एविएशन मिनिस्ट्री से इनक्वायरी कराना चाहूंगी और जानकारी प्राप्त करना चाहूंगी कि अमाउंट फर्जी कंपनियों में कैसे ट्रान्सफर किया गया है । इस फंड को उपयोग में कैसे लाया जाता है । मैं सदन और आपके माध्यम से विनती करूंगी, टोटल पार्किंग के रेवेन्यू से कितना जमा होता है और रोजाना मुंबई एयरपोर्ट से एक से डेढ़ लाख लोग ट्रैवलिंग ओला, उबेर, बस, ऑटो या प्राइवेट कार से करते हैं । उबेर और ओला की कार पार्किंग 120 रुपये होती है और प्राइवेट कार पार्किंग 250 रुपये होती है, यदि मिनिमम से मिनिमम रोज का लेते हैं तो एक लाख गाड़ियां एयरपोर्ट पर पार्क की जाती हैं ।

अध्यक्ष महोदय, बहुत इम्पॉर्टेंट विषय है । गवर्नमेंट ऑफ इंडिया का नुकसान हो रहा है । आपको एक मिनट समय देना चाहिए ।

अध्यक्ष महोदय: गाइडलाइन बन चुकी है ।

प्रो. सौगत राय जी, आप अपनी बात कहें ।

श्रीमती नवनित रवि राणा : अध्यक्ष महोदय, जीरो ऑवर में हम जैसे नए लोगों को बोलने देना चाहिए । अगर इसमें बात नहीं कर पाएंगे तो कन्कलूजन नहीं निकल पाएगा ।

माननीय अध्यक्ष: आपको शाम छह बजे या कल देखेंगे । अभी सौगत राय जी का नाम बुला लिया है ।